>

Title: Need to expedite construction of industrial rail corridor between Chhattisgarh and Jharkhand.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): औद्योगिक दृष्टि से छत्तीसगढ़-झारखंड राज्य को जोड़ने वाले औद्योगिक रेल गलियारे का निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ करने की आवश्यकता है । महोदय, इस संबंध में आपको बताना चाहूंगा कि इसी वर्ष (2012) फरवरी में तत्कालीन माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ से झारखंड राज्य को जोड़ने वाले औद्योगिक रेल गलियारे के निर्माण की घोषणा की गई थी, जोकि निश्चित रूप से स्वागत योग्य कदम था, इसके निर्माण से छत्तीसगढ़ राज्य के रायगढ़ से झारखंड राज्य के लोहरदगा जिले को जोड़ा जाना है जिससे कि दोनों राज्यों के औद्योगिक विकास होने के साथ-साथ दोनों राज्यों के इन क्षेत्रों में कोयले सहित अन्य भू-संपदाओं को सुरक्षित व सुगमता से यथा स्थानों तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी एवं रेलवे को भी इसका लाभ मिलेगा तथा यहां के स्थानीय लोगों को भी राहत मिल सकेगी । इसके निर्माण से सरकारी कंपनियों जैसे - सेल, कोल इंडिया लिमिटेड को भी सुविधा होगी ।

मेरा आग्रह है कि अविलंब इस औद्योगिक रेल गलियारे का कार्य प्रारंभ किया जाए जिससे कि जल्द से जल्द यह निर्माण कार्य पूरा किया जाए ।